यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India

भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking

आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation

# सीसो

# मैं हूँ ना

## सबका साथ, सबका प्रयास - सबकी सुरक्षा , सब खुशहाल.




गोगो जब तुम लॉगइन कर रहे थे तो मैंने तुम्हारा पासवर्ड देख लिया था.
अच्छा, क्या देखा?
××××3×
गलत मेरा पासवर्ड तो ××××6× है.
बस, यही भूल मत करना. अपना पासवर्ड पूरी तरह गोपनीय रखना चाहिए. असल में मैंने कुछ नहीं देखा. मैं तो केवल तुम्हें चेक कर रहा था.
सीसो मैं हूँ ना
हाय! अब मैं क्या करूं साइबर मित्र?
मैं हूँ ना.
तुरंत अपना पासवर्ड बदल डालो. पासवर्ड अंक और शब्दों को मिलाजुला कर बनाना वह भी ऐसा जिसे कोई सरलता से सोच भी न सके.
Jelly22fi$h
d3ltagamM@
!Love3MyPiano
M1little*
Air_Nsno!
सीसो मैं हूँ ना


बना लिया और डायरी में लिख भी लिया.
पासवर्ड कहीं लिखकर मत रखो बल्कि अच्छे से याद कर लो.
!!
ठीक है, मैंने नेटबैंकिंग, ई-मेल, यूनियन परिवार सभी का एक ही पासवर्ड बना लिया है. इससे याद करने में सरलता रहेगी.
देखा, मैं कैसा जीनियस हूं.
सीसो मैं हूं ना
न न ऐसी गलती, भूलकर भी मत करना! कहीं चोर के हाथ ऐसी चाबी लग गई तो वह आसानी से सारे ताले एक ही चाबी से खोल लेगा.
वाह! यह तो मास्टर की मिल गई.
ओह! यह तो मैंने सोचा ही नहीं था. आपने तो मेरी आंखें खोल दीं.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India





मैंने अपना चश्मा भी रख दिया है. जरा तुम ही बता दो.
कोई जरूरत नहीं है, बैंक वाले कभी इस तरह जानकारी नहीं मांगते. अवश्य ही यह कोई फ्रॉड कॉल है.
सीसो मैं हूँ ना
ओटीपी मिलते ही वह आपके खाते के सारे पैसे साफ कर जाती.
इसकी शिकायत बैंक से करो.
सीसो मैं हूँ ना
वाह! तुमने तो मुझे लुटने से बचा लिया.
चाचा ध्यान रहे, कभी भी किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी पैन, पासवर्ड और ओटीपी शेयर नहीं करना है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
आन्ध्रा Andhra | कार्पोरेशन Corporation




ओह! मैं नहीं जानता था कि इसका परिणाम इतना भयंकर हो सकता है. साइबर मित्र में तो बाल बाल बच गया.
तो इसी बात पर तुम्हारी तरफ से एक एक आईसक्रीम हो जाये.
क्या!
सोशल मीडिया के बिना तो मैं भी नहीं रह सकती. क्या वहां भी इसी तरह की सावधानी की आवश्यकता है?
सीसो मैं हूँ ना
अवश्य रीटा, फेसबुक, टिंडर ट्वीटर, इंस्टाग्राम, वाट्सएप स्नेपचैट आदि कुछ भी हो इनका उपयोग भी सावधानी से करना चाहिए.
वह कैसे?
सीसो मैं हूँ ना
अधिक मित्र बनाने के चक्कर में अनजान लोगों को मित्र न बनाओ. अनजान लिंक पर क्लिक न करो.


अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे पता, फोन नं. जन्मतिथि, फोटो आदि किसी से शेयर न करें. गलत प्रकार के लोग इसका दुरूपयोग कर सकते हैं.
जब तक सामने वाला पूरी तरह परिचित न हो चैट करते समय सदा अपने लैपटॉप का कैमरा बंद रखें. आवश्यकता पड़ने पर ही उसे खोलें.
जानते हैं, मेरी सहेली ने शिमला घूमने का स्टेटस डाल रखा था. पीछे से चोर सारा घर साफ कर गए.
ओह! बहुत बुरा हुआ. इसलिए छुट्टियों पर जाने जैसी योजना सोशल मीडिया पर नहीं डालनी चाहिए. यह अपराधियों के लिए खुला निमंत्रण है.
वाह!
स्वागतम
मैं तो अपने उठने बैठने, खाने पीने, घूमने तक का स्टेटस शेयर करता हूं. हाय! अब मेरा क्या होगा?
मैं हूं ना. समझदार को इशारा काफी है.
धन्यवाद, मुझे समझदार समझने के लिए.
सीसो मैं हूं ना


एक दिन
गोगो, आज बहुत खुश लग रहे हो?
अच्छा, ऐसा क्या किया?
हां, मैंने काम ही ऐसा किया है.
कुछ भी मंगाओ मेरा नौकर कभी चिल्लर वापिस नहीं करता.
आज जैसे ही उसने पैसे मांगे मैंने उसे एटीएम कार्ड पकड़ा दिया. अब जितने का बिल होगा उतने ही पैसे कटेंगे.
हाय! इससे तो कोई चिल्लर नहीं बची!
बहुत खूब, चिल्लर के चक्कर में पूरा खाता ही दांव पर लगा दिया. कहीं नौकर की नीयत बिगड़ी तो वह पूरा बैंक खाता ही साफ कर देगा.
हैं!!
सीसो मैं हूं ना
देखो, एटीएम कार्ड का उपयोग पूरी सावधानी से करना चाहिए. आसपास भी नजर रखनी चाहिए कि कोई पिन न देख ले. आवश्यकता हो तो कीबोर्ड को हाथों से ढक लें.
एटीएम


नया कार्ड लेते ही उसका पिन बदल लें.
एकदम सही, और अपने क्रेडिटकार्ड का अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन का विकल्प विदेश यात्रा के समय ही खोलें अन्यथा उसे बंद ही रखें.
तभी
सर देखिए, न जाने कौन मुझे मेल पर मेल भेज रहा है. साथ में कुछ अटैचमेंट भी हैं.
अरे, यह तो कोई संदिग्ध मेल लगती है. जैसे ही आप इसके लिंक पर क्लिक करेंगे दूसरी ओर बैठे शातिर अपराधी आपका डाटा और व्यक्तिगत जानकारी चुरा लेंगे.
ओह! पर हम इस फिशिंग मेल को पहचानेंगे कैसे?
₹
डाटा


इसके वेबसाइट के यूआरएल को देखो. फ्रॉड साइट भी वैध साइट की तरह दिखती है पर इसके यूआरएल की वर्तनी भिन्न होती है.
हमें ऐसी अनजानी मेल को नहीं खोलना चाहिए और न ही अपनी व्यक्तिगत या अन्य जानकारी जैसे यूजरनेम, पासवर्ड क्रेडिट / डेबिट कार्ड आदि को साझा करना चाहिए.
बहुत अच्छे, सदा बैंक द्वारा अनुमोदित साफ्टवेयर को ही डाउनलोड करें.
अपनी ही तरह बैंक से संबंधित किसी भी डाटा को इंटरनेट पर अपलोड न करें.
सही है.
हां, एक बात और ऐसी मेल को antiphishing.ciso@unionbankofindia.com पर अवश्य भेज दें.
एक बात मैं भी बता दूं. हमें अपने सिस्टम में कोई अच्छा एंटीवायरस अवश्य डालना चाहिए.
वाह! गोगो, अब तो तुम्हारे दिमाग की बत्ती भी जलने लगी है.




आलोक भार्गव द्वारा रेखांकित व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य सुचना सुरक्षा अधिकारी (सीसो) कार्यालय के समन्वयन से राजभाषा कार्यान्वयन प्रभाग, मानव संसाधन विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा प्रकाशित.